दिनांकः 20.06.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

कल मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। प्रदेशभर में योग दिवस के आयोजनों को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रमों के लिए वहां के प्रशासन द्वारा आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किये जा रहे हैं। लोगों से इन कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर योग को अपने जीवन में अपनाने की अपील की जा रही है।

सिरोही जिले के आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। संस्थान की ओर से एक करोड़ लोगों को एक साथ राजयोग का संदेश देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 140 देशों में स्थित साढे पांच हजार सेवा केंद्रों और 50 हजार पाठशालाओं में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
योग दिवस से पहले आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में आज कोटा के वैद्य दाउदयाल जोशी आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से जागरुकता रैली निकाली गयी। रैली के माध्यम से लोगों को योग के लिए प्रेरित किया गया। डीग में भी इस उपलक्ष में रैली निकाली गयी। जैसलमेर के पोकरण शहर में जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग द्वारा जनसम्पर्क कर उन्हें पीले चावल बांटकर योग दिवस कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया जा रहा है। इस बीच, सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पूर्वाभ्यास की कड़ी में आज बड़ा बाग की प्राचीन छतरियों के पास योग किया। पाली में जिला प्रशासन द्वारा शिविर लगाकर योग के बारे में प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। जिले के देसूरी उपखंड के मांडीगढ़ गांव में आयुष्मान आरोग्य केन्द्र द्वारा ''करो योग, भगाओं रोग'' थीम के साथ रैली निकाली गयी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिन के अवसर पर आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्रीमती मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री धनखड़ ने राष्ट्रपति की खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्रपति मुर्मू को बधाई देते हुए सोशल मीडिया संदेश में कहा कि गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों के प्रति उनकी सेवा भावना एक सशक्त मार्गदर्शन देती है। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू की जीवन यात्रा करोड़ों लोगों के लिए आशा का संबल है। उन्होंने कहा कि उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए देश सदैव आभारी रहेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सोशल मीडिया के जरिए बधाई देते हुए राष्ट्रपति की दीर्घायु और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

कोटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो युवतियों की मौत हो गई। घटना सिमलिया थाना क्षेत्र के हनोतिया गांव के पास हुई। दोनों युवतियां सड़क किनारे बस का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान ये हादसा हुआ।

प्रदेश में के कुछ भागों में पिछले 24 घंटों में हल्की वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक 11 मिलीमीटर बारिश भरतपुर के कामां में हुई। हालांकि अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी और हीटवेव से जनजीवन प्रभावित रहा। जयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं रात में भी हीटवेव रिकॉर्ड की गयी। सबसे ज्यादा 44 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया।
मौसम विभाग के अनुसार आज एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में आंधी और कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में 24 जून से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है।

आईसीसी टी–ट्वेन्टी क्रिकेट विश्व कप में आज सुपर–8 ग्रुप वन में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होगा। वहीं ग्रुप 2 के सुपर–8 में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच मैच खेला जाऐगा। इससे पहले कल ग्रुप टू मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अमरीका को 18 रन से हरा दिया।